मासिक पत्रिका दसवां अंक




C L E A N R A M P U R

EDUCATED RAMPUR

# e पत्रिका

प्रकाशक :—

- सन्तोष कुमार मिश्र

सम्पादक मण्डलः—

- मोहम्मद सईद
- मोद नारायण झा
- इरशाद हुसैन
- सिब्तेनबी खां
- मन्जूर अली नकवी
- अज़ीमुश्शान

माह **Dec.** 2016

## नगर पालिका परिषद, रामपुर

## उत्तर प्रदेश

G R E E N R A M P U R



# अधिशासी अधिकारी की कलम से

## विषय वस्तु

01– जलकल अनुभाग

02– निर्माण विभाग

03– स्वास्थ्य अनुभाग

04– कर एवं सम्पत्ति अनुभाग

05– ई–गर्वेनैस


06– फोटो गैलरी



*वर्ष 2016 समाप्त होने वाला है ,शहर में नगर पालिका परिषद रामपुर द्वारा अभूतपूर्व विकास कार्य किया गया है। प्रदेस एवं केन्द्र की विभिन्न योजनाओं का पूर्ण लाभ शहर को मिला जिससे शहर का वर्तमान विकसित स्वरुप तैयार हुवा है। इस यात्रा मे रामपुर के सभी शहरी का भी विशेष योगदान रहा है। आने वाले दिनों में नगर पालिका सेवा क्षेत्र में सुधार पर विशेष बल देगी ताकि जन सामान्य की समस्याओं को त्वरित गति से निराकरंण हो सके । भारत सरकार द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2017 का आयोजन किया गया है। अत: आप सभी से अनुरोघ है कि शहर को प्रतियोगिता मे अच्छा स्थान दिलाने मे आप सहयोग करेंगे एवं शहर को स्वच्छ रखेंगे । अन्त में नये वर्ष की शुभकामनाओं के साथ अगले अंक मे नये विचारों एवं योजनाओं की जानकारी के साथ आप से नये वर्ष मे पुन: वार्ता होगी ।*

e–पत्रिका एक माध्यम है आपसे जुडने का, नगर पालिका के किये गये कार्यों को आप तक पहुँचाने का और आपके विचारों को जानने का ताकि आपकी समस्याओं और विचारों से रूबरू हो शहर की आवश्यकता के अनुकूल सेवाएं प्रदान कर सकें।

हम आपसे अपेक्षा रखते है कि आप अपने सुझाव हमें दूरभाष, e-mail id smartcityrampur@gmail.com अथवा पत्र के माध्यम से आवष्य भेजेगें। स्वच्छता से सम्बन्धित अपनी शिकायतें आप http://swachh.city पर भेज सकतें है।







**जलकल विभाग :–** नगर पालिका परिषद रामपुर के जलकल विभाग द्वारा पेयजल की व्यवस्था को बनाये रखते हुये माह नवम्बर, 2016 में 131 लीकेज मरम्मत किये गये, 71 इण्डिया मार्का हैण्ड पम्प–2 की मरम्मत का कार्य कराया गया है, 35 नलकूपों का संचालन आउट सोर्सिंग के माध्यम से एवं 04 नलकूपों का संचालन विभागीय कर्मचारियों से कराया गया। उक्त के अतिरिक्त 04 नग सीवर शम्पवैलों का संचालन ठेके प्रथा से एवं 05 सीवर योजनाओं का मेन्टीनैन्स कार्य आउट सोर्सिंग से कराया गया है। प्रायः आवश्यकता पड़ने पर बहुत से सार्वजनिक प्रोग्रामों में, अथवा सामाजिक–धार्मिक पर्वो के आयोजन में टैंकर के माध्यम से जनता को पेयजल उपलब्ध कराया गया है। क्लोरिनेशन हेतु टीम गठित कर सभी नलकूपों पर क्लोरीन उपलब्ध करायी जा रही है किसी भी नलकूप से कोई खराबी अथवा फाल्ट की शिकायत प्राप्त होने पर उसे तत्परता से तत्काल ठीक कराया गया। सूक्ष्म प्रकृति के किसी फाल्ट को सही करने हेतु 02 विभागीय इलेक्ट्रीशियन कार्यरत हैं जो तत्काल शिकायत का निस्तारण करते हैं। 06 कर्मियों की टीम आउट सोर्सिंग से कार्यरत है किसी भी मोटर पम्प के खराब होने पर उसे बोर से निकालकर उसमें दूसरे मोटर पम्प लोरिंग कर 24 घण्टे के अन्दर नलकूप चालू कर दिया जाता है। नगर पालिका द्वारा जल वितरण सेवा को सुदृढ बनाने के लिये समस्त शहरवासियों से अपील की जाती है कि वह अपने जल कनेक्शन का पंजीकरण अवश्य करायें। वर्ष 2015–2016 की अमृत योजना में स्वीकृत जल विस्तार परियोजना का कार्य जल निगम द्वारा शीघ्र ही प्रारम्भ किया जा रहा है।







- **निर्माण विभाग** :–नगर पालिका परिषद रामपुर के द्वारा महत्वपूर्ण निर्माण कार्य सम्पादित कर जनता को सुविधा उप्लब्ध करायी जा रही है माह दिसम्बर मे निम्नलिखित महत्वपूर्ण कार्य हुए है– ग्रीन बूड स्कूल के सामने बी0एस0आर0 शाप के बरावर गली में सी0सी0 इन्टरलाकिंग टाइल्स व नाली निर्माण गली इकराम शमशी। घेर जुवैर खां वार्ड सं0 19 मो0 राजद्वारा में रहमत खां के मकान से मस्जिद होते हुये चक्की तक सडक व नाली निर्माण कार्य। निर्माण इन्टरलाकिंग टाइल्स गली नासिर टिम्बर शाप से ताहिर खां के घर तक (डा0इस्माइल के सामन) दोमहला रोड।निर्माण इन्टरलाकिंग टाइल्स सडक अनाज मण्डी गेट से थाना हजयानी (सराये गेट रोड) तक।निर्माण इन्टरलाकिंग टाइल्स सडक थाना हजयानी से सराये गेट तक।निर्माण आर0सी0सी0 नाला एवं आर0सी0सी0 कलवर्ट निकट नई मस्जिद जैल रोडविष्णु विहार में सचिन चौहान के मकान से चौहान के मकान तक सडक एवं नाली विष्णु विहार में अजय पाल के मकान से राम किशोर के मकान तक सडक एवं नाली का निर्माण कार्य। वार्ड सं0 01 विष्णु विहार में सुखलाल शर्मा के मकान से जीवन सिंह के मकान तक सडक एवं नाली का निर्माण कार्य।विष्णु विहार में राम किशोर के मकान से कोमल सिंह के मकान तक सडक एवं नाली का निर्माण कर्य। वार्ड सं0 01 विष्णु विहार में अजय पाल से महीपाल सिंह के मकान तक सडक एवं नाली का निर्माण कार्य।पुलिस लाइन के सामने मन्दिर वाली गली डूंगरपुर में सी0सी0 इन्टरलाकिंग द्वारा रोड व नाली निर्माण कार्य।निर्माण सडक इन्टरलाकिंग टाइल्स गली सार्थक पब्लिक स्कूल से लबकुश, शैर सिंह एवं राकेश कुमार के घर तक विकास नगर ज्वाला नगर । खासबाग रोड पर आयकर विभाग के सामने वाली गली में इरशाद उल्ला खां के मकान से जुबैर शमशी के मकान तक नाली व सी0सी0 इन्टरलाकिंग रोड निर्माण।संगम मैरिज हाल से आगापुर मैन रोड तक नाला (दोनो ओर) एवं सी0सी0 इन्टरलाकिंग टाइल्स का निर्माण कार्य।वार्ड स0 01, श्री हरपाल सिंह के मकान से राम औतार के मकान वाली रोड पर अवशेष नाली एवं इन्टरलाकिंग का कार्य।

- **नगर स्वास्थ्य विभाग** :– नगर स्वास्थ्य विभाग, नगर पालिका परिषद, रामपुर द्वारा माह दिसम्बर, 2016 में स्वच्छ भारत मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत घरेलू स्वच्छ शौचालय बनवाने हेतु ऑन लाइन प्राप्त आवेदनों में से 74 लाभार्थियों के खातोंमें शौचालय बनवाने हेतु केन्द्रान्श एवं राज्यान्श की 50 प्रतिशत धनराशि अंकन रू0 4,000.00 हस्तान्तरित किये गये है। सम्पूर्ण नगर क्षेत्र में विशेष सफाई व्यवस्था करायी गयी है। इसके अतिरिक्त नागरिको को मच्छरो से होने वाली भयंकर बीमारियों से बचाव हेतु रोस्टर बनाकर सम्पूर्ण नगर क्षेत्र में पूरे माह फौगिंग करायी गयी, जो कि रोस्टर अनुसार जारी है।

- इसके अतिरिक्त नगर क्षेत्र के समस्त डलाव घरों से प्रति दिन प्रातः व सायं के समय कूड़ा उठवाकर पालिका के ट्रंचिग ग्राउण्ड पर डलवा जाता है और डलाव घरों पर मैलाथियान डस्ट (कीट नाशक) का छिड़काव भी कराया जाता है।

- नगर के समस्त वार्डो में विभिन्न स्थानों पर आवश्यकतानुसार विभिन्न साईज़ों के डस्ट बिन्स रखवाये गये है। नगर के समस्त कलैक्शन प्वान्ट्स की भी विशेष सफाई आदि करायी गयी है तथा उन्हे सुव्यवस्थित किया गया है।

- मा0 अध्यक्ष महोदय, नगर पालिका परिषद, रामपुर द्वारा समय समय पर नगर के समस्त वार्डो का औचक निरीक्षण किया गया। नगर की सफाई व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने हेतु मा0 अध्यक्ष महोदय/अधिशासी अधिकारी महोदय एवं समस्त कर्मचारीगण सदैव प्रयासरत रहतें है।







**कर विभागः–** कर विभाग द्वारा लक्ष्य के अनुरूप कर वसूली का कार्य किया जा रहा है। माह दिसम्बर 2016 में रु0 38,66000.000 कर वसुल किया गया है और 90 प्रतिशत बिलिंग व कर वसूली के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये कार्य योजना विभाग द्वारा बनाई जा रही है।

E-governance :- नगर पालिका परिषद द्वारा जन्म–मृत्यु प्रमाण पत्र ऑन लाईन जारी किया जा रहा है एंव जन शिकायतो का निस्तारण आई0 जी0 आर0एस0 के माध्यम से ऑन लाईन किया जा रहा है। कर्मचारियों का पेरोल सिस्टम कम्प्युटराइज़्ड करने की कार्यवाही की जा रही है एवं दोहरी लेखा प्रणाली पर कार्य किया जा रहा है। शीघ्र ही ऑन लाईन सम्पत्ति कर व जल कर का कार्य प्रारम्भ कर दिया जायेगा।

